# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# IPL 2025 के लिए भारत वापस आएंगे कंगारू खिलाड़ी या नहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया जारी किया बयान।

Publisher

Published on 13 May 2025




## आईपीएल के बचे हुए मैचों का आयोजन 17 मई से शुरू होने जा रहा है. ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स फिर भारत लौटेगें या नहीं ? इसको लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी किया है.

भारत पाकिस्तान तनाव के कारण रोके गए इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 की फिर से शुरुआत 17 मई से हो रही है. पहला मैच बेंगलूर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा. एक बड़ा सवाल ये था कि क्या ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स बचे हुए मैचों के लिए भारत लौटेंगे ? क्योंकि 11 जून से ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जाना है. अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पर आधिकारिक बयान जारी किया है.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, “क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों के व्यक्तिगत निर्णय में उनका समर्थन करेगा कि वे भारत लौटना चाहते हैं या नहीं.” पंजाब किंग्स में अभी सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स हैं. पंजाब के साथ दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स का प्रदर्शन इस सीजन शानदार रहा है. उनका लौटना या ना लौटना टीम की जीत हार पर असर डाल सकता है.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का बयान

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगे कहा, “टीम प्रबंधन उन खिलाड़ियों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारी पर काम करेगा जो शेष आईपीएल मैचों में खेलना चुनते हैं. हम सुरक्षा व्यवस्था और संरक्षा के संबंध में आस्ट्रेलियाई सरकार और बीसीसीआई के

साथ संपर्क बनाए हुए हैं."

प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में अभी भी शामिल खिलाड़ियों में मिशेल स्टार्क, जेक फ्रेजर-मैकगर्क (DC), स्पेंसर जॉनसन (KKR), मिशेल मार्श (LSG), जोश हेजलवुड, टिम डेविड (RCB), मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट (PBKS) शामिल हैं.

जोश हेजलवुड आरसीबी के लिए खेलते हैं, लेकिन कंधे की चोट से जूझ रहे हैं और उनका भारत लौटना मुश्किल है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फिट हो जाएंगे. स्टार्क को लेकर भी खबर है कि वह वापस भारत नहीं लौटेंगे.

IPL 2025 बचे हुए मैचों का शेड्यूल
17 मई: RCB vs KKR (बेंगलुरु)
18 मई: RR vs PBKS (जयपुर)
18 मई: DC vs GT (दिल्ली)
19 मई: LSG vs SRH (लखनऊ)
20 मई: CSK vs RR (दिल्ली)
21 मई: MI vs DC (मुंबई)
22 मई: GT vs LSG (अहमदाबाद)
23 मई: RCB vs SRH (बेंगलुरु)
24 मई: PBKS vs DC (जयपुर)
25 मई: GT vs CSK (अहमदाबाद)
25 मई: SRH vs KKR (दिल्ली)
26 मई: PBKS vs MI (जयपुर)
27 मई: LSG vs RCB (लखनऊ)

IPL 2025 Playoffs मैचों का शेड्यूल
29 मई: क्वालीफायर 1 (वेन्यू तय नहीं)
30 मई: एलिमिनेटर (वेन्यू तय नहीं)
1 जून: क्वालीफायर 2 (वेन्यू तय नहीं)
3 जून: फाइनल (वेन्यू तय नहीं)

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoover.